# CS (Main) Exam,2021

वियोज्य *DETACHABLE*

# समाजशास्त्र (प्रश्न-पत्र II)

# SOCIOLOGY (Paper II)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे*
*Time Allowed : Three Hours*

*अधिकतम अंक : 250*
*Maximum Marks : 250*

## प्रश्न-पत्र सम्बन्धी विशेष अनुदेश

**उत्तर देने के पूर्व निम्नलिखित निर्देशों को कृपया सावधानीपूर्वक पढ़ें ।**

इसमें **आठ** प्रश्न हैं जो दो खण्डों में विभाजित हैं तथा **हिन्दी** एवं **अंग्रेजी** दोनों में छपे हुए हैं ।

उम्मीदवार को कुल **पाँच** प्रश्नों के उत्तर देने हैं ।

प्रश्न संख्या **1** और **5** अनिवार्य हैं तथा बाकी प्रश्नों में से प्रत्येक खण्ड से कम-से-कम **एक** प्रश्न चुनकर **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

प्रत्येक प्रश्न/भाग के लिए नियत अंक उसके सामने दिए गए हैं ।

प्रश्नों के उत्तर उसी प्राधिकृत माध्यम में लिखे जाने चाहिए, जिसका उल्लेख आपके प्रवेश-पत्र में किया गया है, और इस माध्यम का स्पष्ट उल्लेख प्रश्न-सह-उत्तर (क्यू.सी.ए.) पुस्तिका के मुखपृष्ठ पर निर्दिष्ट स्थान पर किया जाना चाहिए । प्राधिकृत माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम में लिखे गए उत्तर पर कोई अंक नहीं मिलेंगे ।

प्रश्नों की शब्द-सीमा, जहाँ उल्लिखित है, को माना जाना चाहिए ।

प्रश्नों के प्रयासों की गणना क्रमानुसार की जाएगी । आंशिक रूप से दिए गए प्रश्नों के उत्तर को भी मान्यता दी जाएगी यदि उसे काटा न गया हो । प्रश्न-सह-उत्तर पुस्तिका में खाली छोड़े गए कोई पृष्ठ अथवा पृष्ठ के भाग को पूर्णतः काट दीजिए ।

## QUESTION PAPER SPECIFIC INSTRUCTIONS

**Please read each of the following instructions carefully before attempting questions.**

There are **EIGHT** questions divided in **TWO SECTIONS** and printed both in **HINDI** and in **ENGLISH**.

Candidate has to attempt **FIVE** questions in all.

Question Nos. **1** and **5** are compulsory and out of the remaining, **THREE** are to be attempted choosing at least **ONE** question from each Section.

The number of marks carried by a question/part is indicated against it.

Answers must be written in the medium authorized in the Admission Certificate which must be stated clearly on the cover of this Question-cum-Answer (QCA) Booklet in the space provided. No marks will be given for answers written in a medium other than the authorized one.

Word limit in questions, wherever specified, should be adhered to.

Attempts of questions shall be counted in sequential order. Unless struck off, attempt of a question shall be counted even if attempted partly. Any page or portion of the page left blank in the Question-cum-Answer Booklet must be clearly struck off.

## खण्ड 'A'     SECTION 'A'

1. निम्नलिखित प्रश्नों के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो :

Write short answers, with a sociological perspective, of the following questions in about 150 words each : 10×5=50

1.(a) प्रारंभ में भारत में जाति-व्यवस्था अध्ययन मुख्यत: "पुस्तक-केन्द्रित" रहा। बाद में "फील्ड-व्यू" या "क्षेत्र-केन्द्रित" अध्ययन के प्रवेश से भारतीय जाति-व्यवस्था के अध्ययन में संतुलन बनाने में कैसे मदद मिली ? विवेचना करें।

Caste system studies in India have been dominated by the "book-view" initially. How did the entry of "field-view" bring about a balance in the study of Indian caste system ? Discuss. 10

1.(b) 'जाति-निर्मूलन' की अवधारणा से डॉ. भीम राव अंबेड़कर का क्या तात्पर्य है ?

What does Dr. B. R. Ambedkar mean by the concept of "Annihilation of caste" ? 10

1.(c) भारत में नातेदारी व्यवस्था के विभिन्न प्रकारों की चर्चा करें।

Discuss different forms of kinship system in India. 10

1.(d) भारत के गांवों को दर्शाने के लिये इस्तेमाल किये जाने वाले वाक्यांश "लघु गणतंत्र" की संक्षिप्त समालोचना प्रस्तुत करें।

Critically examine briefly the phrase "Little Republics" as used to denote India's villages. 10

1.(e) जाति की तरह की संरचनाएं गैर-हिन्दु धार्मिक समुदायों में भी होती हैं। उदाहरण के साथ विवेचना कीजिए।

Caste-like formations are present in Non-Hindu religious communities as well. Discuss with examples. 10

2.(a) पहचान की राजनीति क्या है ? भारत में दलित आंदोलन के प्रमुख रुझानों की व्याख्या करें।

What is identity politics ? Discuss the main trends in Dalit movements in India. 20

2.(b) क्या भारतीय समाज ''पदानुक्रम'' से ''विभेदीकरण'' की ओर अग्रसर है ? उपयुक्त उदाहरणों के साथ इस पर प्रकाश डालें।

Is Indian society moving from "Hierarchy" towards "differentiation" ? Illustrate your answer with suitable examples. 20

2.(c) भारत में 'नव मध्यम वर्ग' के विशिष्ट लक्षणों की चर्चा करें।

Discuss the salient features of 'new middle class' in India. 10

3.(a) भारत के आधुनिकीकरण के सिद्धांतीकरण में प्रो. योगेन्द्र सिंह के प्रमुख योगदान की विस्तार से चर्चा करें।

Discuss in detail the major contribution of Prof. Yogendra Singh in theorizing India's modernization. 20



https://www.evidyarthi.in/

3.(b) समकालीन भारत में ग्रामीण असंतोष के मुख्य कारकों का परीक्षण कीजिए।
Examine the factors responsible for the rural unrest in contemporary India. 20

3.(c) भारतीय शहरों में वदलते पारिवारिक संरचना के आयामों की विवेचना करें।
Discuss the changing dimensions of family structure in urban India. 10

4.(a) अभी हाल की महामारी के दौरान "उलट-प्रवसन" के समाजशास्त्रीय कारण और निहितार्थ क्या हैं ?
What are the sociological reasons and implication of "reverse migration" during the recent pandemic in India? 20

4.(b) जनजातीय विकास पर जी. एस. घुरये एवं वी. एल्विन के बीच वाद-विवाद की प्रमुख विशिष्टताओं पर चर्चा कीजिए।
Discuss the main features of the debate between G. S. Ghurye and V. Elwin on tribal development. 20

4.(c) भारत में अस्पृश्यता के विविध प्रकार क्या हैं ? आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए।
What are the various forms of untouchability in India? Critically examine. 10

## खण्ड 'B' SECTION 'B'

5. निम्नलिखित प्रश्नों के समाजशास्त्रीय परिप्रेक्ष्य से संक्षिप्त उत्तर लिखिए, जो प्रत्येक लगभग 150 शब्दों में हो :
Write short answers, with sociological perspective, of the following questions in about 150 words each : $10 \times 5 = 50$

5.(a) भारत में विकासात्मक योजनाओं के विचार का विश्लेषण कीजिए।
Analyze the idea of developmental planning in India. 10

5.(b) ग्रामीण विकास में सहकारी समितिओं की भूमिका पर टिप्पणी कीजिए।
Comment on the role of co-operatives in rural development. 10

5.(c) शहरी झुग्गी बस्तियाँ सामाजिक बहिष्कार के स्थल हैं – व्याख्या करें।
Urban slums are sites of social exclusion – explain. 10

5.(d) क्या क्षेत्रीयवाद अनिवार्यतः शक्ति विकेन्द्रीकरण की तरफ जाता है ? अपने उत्तर को सुसंगत उदाहरण से समझाएँ।
Does regionalism essentially lead to decentralization of power? Substantiate your answer with relevant examples. 10

5.(e) भारतीय कृषिक परिवर्तन में तकनीक की भूमिका की विवेचना करें।
Discuss the role of technology in agrarian change in India. 10

6.(a) नयी शिक्षा नीति के सामाजिक महत्व तथा इसके व्यवसायीकरण एवं कौशल-विकास पर जोर देने की व्याख्या करें ।

Explain the sociological significance of the New Education Policy and its thrust on vocationalization and skill development. 20

6.(b) क्या 'वयोवृद्धि' भारतीय समाज में एक उभरता मुद्दा है ? भारत में वृद्ध लोगों की मुख्य समस्याओं की चर्चा करें ।

Is 'ageing' an emerging issue in Indian society ? Discuss the major problems of the old age people in India. 20

6.(c) भारत में विषम लिंग-अनुपात के लिये उत्तरदायी सामाजिक-सांस्कृतिक कारकों को रेखांकित कीजिए ।

Underline the socio-cultural factors responsible for India's skewed sex-ratio. 10

7.(a) विस्थापन की समस्या विकास के विचार में अंतर्निहित है । इस कथन का आलोचनात्मक विश्लेषण कीजिए ।

The problem of displacement is inherent in the idea of development. Analyze the statement critically. 20

7.(b) बढ़ता हुआ 'संजाति केन्द्रवाद' हमारे समाज को संघर्ष की ओर ले जा रहा है । इस कथन का आकलन समुचित कारणों के साथ प्रस्तुत करें ।

Rising 'ethnocentricism' is leading to conflict in our society. Assess this statement with appropriate reasons. 20

7.(c) क्या सामाजिक लोकतंत्र राजनीतिक लोकतंत्र की पूर्व शर्त है ? टिप्पणी कीजिए ।

Is social democracy a precondition for political democracy ? Comment. 10

8.(a) सांप्रदायिक-ध्रुवीकरण में 'सोसल-मीड़िया' की भूमिका की चर्चा करें । इसका मुकाबला करने के लिये उपाय बतायें ।

Discuss the role of social media in communal polarisation. Suggest ways to combat it. 20

8.(b) भारत में शहरी बसावट ग्रामीण समाज के जाति-नातेदारी की छाप को दोहराती हुयी प्रतीत होती है । इसके प्रमुख कारणों की विवेचना करें ।

Urban settlements in India tend to replicate its rural caste-kinship imprints. Discuss the main reasons. 20

8.(c) क्या 'आर्थिक सशक्तिकरण' स्वतः महिलाओं में 'वास्तविक सशक्तिकरण' लाती है ? संक्षेप में भारत में महिला सशक्तिकरण के मुख्य मुद्दों का वर्णन करें ।

Does "economic empowerment" automatically bring about "substantive empowerment" for women ? Briefly describe the main issues in women empowerment in India. 10

---



https://www.evidyarthi.in/